हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

24 सितंबर 2026, समय 18:10

मुख्य समाचार:

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका बढ़ाने का आह्वान किया।
2. भारत में प्रति वर्ष लगभग 32 से 33 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण सरकार का लक्ष्य- सरकार ने 35 से 40 प्रतिशत तक मूल्यवर्धन हासिल करने का लक्ष्य रखा।
3. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वच्छता पर बल देते हुए सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से गीता महोत्सव को भव्य और गरिमापूर्ण बनाने का आह्वान किया।
4. मुख्यमंत्री ने बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने पर बल दिया।
5. हरियाणा पुलिस ने हिसार के एयरपोर्ट चौक पर एक गाड़ी से लगभग एक क्विंटल 15 किलो गांजा बरामद किया।

=========================================

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि जीवन का मुख्य उद्देश्य सेवा हर व्यक्ति में स्वाभाविक रूप से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी, सर्वोच्च पद पर पहुंचने के बाद सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत रहना चाहिए। प्रधानमंत्री आज वडनगर से वाराणसी तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–किसान और पीएम सूर्य घर योजना जैसी अनेक योजनाओं की पहचान अंतिम छोर तक पहुंचने वाली सेवाओं के रूप में बनी है।

हमारे किसानों के पास पीढियो से बना हुआ ज्ञान का भंडार है, देश नॉलेज को हर दिन अपने जीवन में अपनाते हैं। हमें इन अनुभवों से भी सीखना है। अगर अनुभव करते तो भारत की विविधता की अनुभूति होती और उनसे भी विविधता में भी एकता के भी दर्शन होता है वो हमें हिंदुस्तान के हर कोने में पहुंचाने ही है एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना है। एक गांव का अच्छा प्रयोग दूसरे गांव के काम आए, एक युवा का समाधान दूसरे युवा की ताकत बने।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजनीति, चुनाव और शासन व्यवस्था का अपना महत्व है, लेकिन देश निर्माण के लिए सभी को मिलकर काम करना है। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ाने का आह्वान किया।

इस वर्ष लाल किले से शक्ति की जिन सप्त धाराओं की चर्चा मैंने की है उनके विषय में भी लोगों से बात करनी है। मैन्युफैक्चरिंग की धारा, टेक्नोलॉजी इन्नोवेशन की धारा, कनेक्टिविटी की धारा ऐसी सात धाराएं विकसित भारत के निर्माण की बहुत बड़ी ऊर्जा बनी हुई हैं और इस ऊर्जा को देश के हर नागरिक से ही गति मिली तो आपकी ये ऊर्जा आपके ये अुनभव विकसित भारत की यात्रा को और गति देंगी।

---------------------------------------------------

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा है कि भारत में मोबाइल फोन की कुल घरेलू मांग का लगभग 99 दशमलव 2 प्रतिशत विनिर्माण होता है। नई दिल्ली में आज 13वें वार्षिक पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के उद्घाटन सत्र में श्री कृष्णन ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष लगभग 32 से 33 करोड़ मोबाइल फोन विनिर्मित होते हैं।

हम देश में अपनी कुल घरेलू मांग का लगभग 99.2 प्रतिशत खुद तैयार करते हैं। भारत में होने वाला मूल्यवर्धन जो लगभग 7-8 साल पहले करीब 10-15 प्रतिशत था, वह अब बढ़कर लगभग 22-23 प्रतिशत हो गया है। हमारा लक्ष्य 35-40 प्रतिशत के बीच मूल्यवर्धन हासिल करना है। इस उद्योग को देश में ही बनाए रखने के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण है।

------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस 138वीं कड़ी का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ-साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

-------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र की सभी धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं से मिलकर गीता महोत्सव को भव्य और  गरिमापूर्ण बनाने का आह्वान किया है।

वो आज कुरुक्षेत्र के गीता ज्ञान संस्थानम  में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 के आयोजन को लेकर धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि  कुरुक्षेत्र का वातावरण गीता की भूमि की गरिमा के अनुरूप स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित रहे, इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा।

उन्होंने कहा कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों का स्वागत 'अतिथि देवो भवः' की भावना से किया जाए, ताकि प्रत्येक आगंतुक को कुरुक्षेत्र में अपनत्व और सम्मान का अनुभव हो।

मुख्यमंत्री ने 'स्वच्छ कुरुक्षेत्र, पवित्र कुरुक्षेत्र' को सामूहिक संकल्प बनाने का आह्वान किया। मंदिरों, आश्रमों, धर्मशालाओं, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के सभी प्रमुख चौकों को महाभारत कालीन थीम पर विकसित किया जाएगा। इससे शहर के विभिन्न हिस्सों में कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान को प्रदर्शित किया जा सकेगा।

------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरुक्षेत्र में कनीपला गाँव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय  में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित निपुण चित्रकला प्रदर्शनी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बच्चों में राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने पर बल दिया।

माधव सभागार एवं परम पूज्य गुरु के भित्ति चित्र का अनावरण करने तथा चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों की कल्पना में आकार लेता भारत ही आने वाले समय में वास्तविक भारत के रूप में हमारे सामने आएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को उचित मंच और प्रोत्साहन देकर उनमें रचनात्मकता, संस्कार एंव सेवा भावना को विकसित किया जा सकता है।

उन्होंने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया और विद्यालय में सोलर पैनल लगाने के लिए 11 लाख रुपये व कनीपला गांव के विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की।

-------------------------------------------------------

कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बरवाला की ब्राह्मण धर्मशाला में आज सेवा संकल्प अभियान के तहत दो दिवसीय सेवा सेतु शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं ताकि नागरिकों को मौके पर ही जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

मीडिया से बातचीत में श्री रणबीर गंगवा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत यह शिविर लगाए जा रहे हैं।

धान की खरीद पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में श्री गंगवा ने कहा- सेवा संकल्प अभियान के तहत आज पलवल के डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज में भी सेवा सेतु शिविर लगाया गया। एसडीएम भूपेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही सरकारी योजनाओं और सेवाओं की जानकारी व लाभ प्रदान करना है। उपमंडल अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने नागरिकों से इन शिविरों में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

-------------------------------------------------------

हरियाणा पुलिस ने हिसार के एयरपोर्ट चौक पर आज नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी से 1 क्विंटल 14 किलो 910 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार इस नशे की खेप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 लाख रुपये है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर तस्करी में इस्तेमाल गाड़ी को जब्त कर लिया गया है।

-------------------------------------------------------